# झूठी गारंटियों से कांग्रेस ने हिमाचल को ठगा: अनुराग ठाकुर

## कहा, कांग्रेस ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की कर रही तैयारी, लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लें युवा

➪ एक ओर यह ठग हैं और दूसरी ओर हमारे मोदी हैं जिन्होंने जो कहा, सो किया: अनुराग




जगमार्ग न्यूज

**बिलासपुर/घुमारवीं।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की अपनी झूठी गारंटीयों से माताओं बहनों, किसानों, गरीबों और एससी, एसटी, ओबीसी को ठगने के बाद अब कांग्रेस हमारे संतानों को भी ठगने की प्लानिंग कर रही है। एक ओर यह ठग हैं और दूसरी ओर हमारे मोदी हैं जिन्होंने जो कहा, सो किया। हमारी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाएगी। कांग्रेस सामने हार को देख कर ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रही है।

अनुराग ठाकुर शुक्रवार अपने हिमाचल प्रवास के दूसरे दिन घुमारवीं विधानसभा में थे जहां उन्होंने दिन भर में विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया। अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यक्रमों के दौरान लोगों को कांग्रेस की गलत नीतियों से आगाह करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस आपसे अलग अलग हथकंडे अपना कर वसूली तो करती हीं है लेकिन इस बार उन्होंने आपकी मृत्यु के बाद भी आपसे वसूली जारी रखने का प्लान तैयार कर लिया है। आपकी मृत्यु के बाद वह आपकी संपत्ति हड़प कर आपके बच्चों के बजाय अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। इसलिए आप सभी को कांग्रेस और उससे जुड़ी सभी पार्टियों से सचेत रहने की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस संतान, संपत्ति, सनातन और सीमा विरोधी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2014 से पहले देश सिर्फ घोटाले के लिए जाना जाता था। कभी 2जी स्कैम, कभी कॉमनवेल्थ स्कैम, कभी कोयला घोटाला, कभी अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, कभी बोफोर्स घोटाला तो कभी कुछ और। लेकिन मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश की छवि को विश्व पटल पर चमकने का काम किया है आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है जो अगले तीन वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी ने सरकार बनने के साथ ही कहा था कि ना खायेंगे, ना खाने देंगे और इसीलिए आज का भारत करप्शन नहीं इनोवेशन के लिए जाना जाता है। पिछले 10 वर्षों में न मोदी, न उनके किसी मंत्री पर करप्शन का आरोप लगा है नाहीं हमने किसी को खाने दिया है। आज भ्रष्ट नेताओं पर न्यायोचित कार्रवाई हो रही है। इसीलिए आम आदमी पार्टी जैसी भ्रष्ट पार्टी के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सभी जेल में हैं। आज देश को कांग्रेस के लूट तंत्र, परिवारवाद और भ्रष्टाचार से आजादी मिली है। आगे हम चाहते हैं कि देश को कांग्रेस और उनकी विभाजनकारी राजनीति और नीति से आजादी मिले। अनुराग ठाकुर ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ कार्य किया है। इन 10 वर्षों में पहले जो वंचित थे उन्हें वरीयता दी गई है। दलितों, पिछड़ों और आदिवासी समाज के लिए जो कार्य पिछले 10 वर्षों में हुए हैं, वह कांग्रेस के कुल 60 वर्षों में भी नहीं हुए। कांग्रेस ने सदैव इन्हें सिर्फ वोट बैंक तक सीमित रखा। कांग्रेस ने नारा दिया गरीबी हटाओ पर गरीबी नहीं हटाई बल्कि लोगों को और गरीब बनाया। मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया है। चार करोड लोगों को घर, 12 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्जवला गैस कनेक्शन, 13 करोड़ से ज्यादा नल कनेक्शन, 81 करोड लोगों को मुफ्त अनाज और 60 करोड लोगों को 5 लाख प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य बीमा कवरेज मोदी जी ने दिया है। अगले पांच वर्षों में हम तीन करोड़ घर, आयुष्मान भारत योजना को सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लागू करेंगे और 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज भी देते रहेंगे। इसके अलावा बिजली को बेहद सस्ती करने के लिए सोलर पैनल्स लगाने के ऊपर मोदी सरकार 40 फीसदी सब्सिडी भी देगी

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, मेरे आने से पहले बिलासपुर में कुछ दिखता नहीं था। आज आप जिधर देखेंगे उधर विकास दिखता है। नूरपुर से मथुरा बिलासपुर हमीरपुर शिमला 4 लेन हाईवे आपके जीवन में बेहद बड़ा बदलाव लाएगा।

### ईवीएम पर विपक्ष फिर बेनकाब, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत: ठाकुर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। आज एक बार फिर से विपक्ष बेनकाब हुआ है जो बार-बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। इन्हें बार-बार जनता ठुकराती है और यह लोग ईवीएम को गलत बता कर भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं। विपक्ष से अनुरोध है कि चुनाव मुद्दों पर और विचारधारा पर लड़ें। हम भारत को आगे बढ़ना चाहते हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हमारी पहचान है। दूसरी ओर विपक्ष की पहचान भय, भ्रम और भ्रष्टाचार है। यूपीए का नाम इंडी गठबंधन रख लेने से जनता के बीच उनका चेहरा नहीं बदला है। मुस्लिम कोटे से जुड़े एक सवाल के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम कोटा को समाप्त कर एसटी, एससी और ओबीसी को उनका हक दिया जाएगा। आज कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति की पोल देश के सामने खुल चुकी है। यह लोग तुष्टीकरण के नाम पर आपकी संपत्ति से लेकर कोटा और सभी हक एक विशेष समुदाय को देना चाहते हैं। पूरा देश देख रहा है कि कैसे राहुल गांधी अपने मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बेच रहे हैं। आज कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों में क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाई भतीजा वाद और सनातन विरोध के अलावा कुछ नहीं दिखता। इनका मेनिफेस्टो साफ तौर पर भारत विरोधी और विदेशी ताकतों से प्रेरित लगता है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं और संभव है कि वह जल्द किसी दूसरी जगह से भी नामांकन करें। वायनाड चुनाव में पाकिस्तान परस्त और आतंकी विचारधारा वाले पीएफआई और एसडीपीआई का समर्थन लेना ही राहुल गांधी और कांग्रेस की गिरी हुई और भारत विरोधी सोच को स्पष्ट करता है। इससे पता चलता है कि एक चुनाव जीतने के लिए वह किसी भी हद तक गिर सकते हैं। अनुराग ठाकुर ने देश के सभी लोगों खासकर नौजवानों से आग्रह करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में 18वें लोकसभा चुनाव के लिए पूरे जोश के साथ वोटिंग करने अवश्य जाएं। यह अवसर 5 वर्षों में एक बार आता है इसीलिए प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने विभिन्न मंडियों में गेहूं खरीद का जायजा लिया

राकेश कुमार



**गढ़शंकर (जगमार्ग न्यूज)।** डिप्टी स्पीकर पंजाब विधान सभा जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा किया और गेहूं की खरीद का जायजा लिया। इस बीच उन्होंने रोड मजारा, पनाम, समुंद्ड़ा, गढ़शंकर, सैला, मोरांवाली और माहिलपुर मंडियों में खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की और किसानों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि खरीदे गए गेहूं की लिफ्टिंग और भुगतान एक साथ हो। उन्होंने कहा कि मंडियों में गेहूं की खरीद के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं, ताकि किसानों को मंडियों में फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों में पानी, रोशनी, पंखे, छाया, जेनरेटर सेट और शौचालय की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने अधिकारियों व खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर चरणजीत सिंह चन्नी, बलदीप सिंह, दीपक कुमार एमसी, सुमित सोनी, सुच्चा सिंह कुक्कड़ मजारा, मा. सतपाल सिंह लठ, रिंका चौधरी, मोहित गुप्ता, बलवीर सिंह ढिल्लों, अजमेर सिंह ढिल्लों, राजीव कुमार, जुझार सिंह, राजिंदर सिंह ढिल्लों, कुलविंदर सिंह पेरी, अजमेर सिंह राम गढ़ झुंगी और अन्य शख्सियतें मौजूद थीं।

## पन्ना प्रमुख सम्मेलन से जीत की ओर अग्रसर भाजपा: बिहारी

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश भर में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन चल रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 8000 बूथों पर लगभग 2 लाख 40 हजार पन्ना प्रमुख भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम बूथ विजय अभियान के अंतर्गत चल रहा है जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा सभी बूथों पर अपने कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में बूथ पर सभी कार्यकर्ता एक्टिव होते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा महामंत्री बिहारी लाल ने कहा



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह 4 पन्ना प्रमुख, तरुण चुघ 1, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना 3, चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा 5, संगठन महामंत्री सिदार्थन 4, केंद्र मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 11, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल 6, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर 15, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी 3, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी 2 पन्ना प्रमुख सम्मलेन को सम्बोधित करेंगे।

## दिल्ली स्थित पार्टियां ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह ही पंजाब पर कब्जा करने की कर रही कोशिश: सुखबीर बादल

जगमार्ग न्यूज

**बठिंडा।** शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने आरोप लगाते कहा कि दिल्ली स्थित पार्टियां पंजाब पर उसी तरह से कब्जा करने की कोशिश कर रही, जिस तरह से ईस्ट इंडिया कंपनी ने किया था। अकाली दल अध्यक्ष ने मिनी सचिवालय एवं कोर्ट परिसर में बार एसोसिएशन के सदस्यों और टैक्सेशन वकीलों के साथ बातचीत की।



इसके अलावा नॉर्थन कुलर एंड फैन विनिर्माण एसोसिएशन, होटल और रेस्तरां एसोसिएशन और ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ मीटिंग की। उन्होने कहा,'' यह पंजाब के इतिहास का सबसे संवेदनशील समय है , यह बेहद महत्वपूर्ण है इसीलिए पंजाबी दिल्ली स्थित पार्टियों से पंजाब को बचाने के लिए एकजुट हों, जो केवल सीटें जीतने के बारे में चिंतित हैं और पंजाबियों यां उनकी समस्याओं बारे कम चिंतित हैं। उन्होने कहा कि पंजाब को पहले भी राष्ट्रीय पार्टियों के हाथों नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन इस बार स्थिति बेहद गंभीर है क्योंकि पंजाब न केवल कानून व्यवस्था की स्थिति के बिगड़ने बल्कि साम्प्रदायिक तनाव से भी पीड़ित है तथा लगातार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों के द्वारा दिवालिया हो गया है। बादल ने पंजाबियों से 'बहुत देर होने से पहले ही पंजाब को बचान का आग्रह करते कहा पंजाब को प्रभावित करने वाली बुराइयों का एकमात्र जवाब अकाली दल है, क्योंकि केवल एक क्षेत्रीय पार्टी ही आपके अधिकारों के लिए लड़ सकती है और आपको पहले रख सकती है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते बादल ने कहा कि जिस तरह से अकाली दल दिन-ब-दिन मजबूत हो रहा है और साथ ही दिल्ली स्थित पार्टियों के चुनाव अभियान के लगभग बंद होने से यह साबित हो गया है कि लोग समझ गए हैं कि अकेले अकाली दल ही उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। अकाली दल अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ नेताओं में इकबाल सिंह, मोहित गुप्ता और बलजीत सिंह बीड़ बहमन, राजविंदर सिंह और सन्नी बराड़ भी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### जनता की तरह अपने आपको ठगा महसूस कर रहे कुंवर: प्रो. सरचांद सिंह

**अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)।** भाजपा प्रो. सरचंद सिंह ने कहा कि गुरु नगरी में सीएम भगवंत मान द्वारा किए गए रोड शो को लोगों का खराब रिस्पॉन्स तो रहा है, लेकिन आप के ही विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह की गैरमौजूदगी ने चल रही चर्चाओं पर मुहर लगा दी है अब आप के नेता भी आम लोगों की तरह ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के रोड शो से एक दिन पहले आप विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह की सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने अपनी ही सरकार पर बेअदबी जैसे संवेदनशील मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया था। प्रोफेसर सरचंद सिंह ने कहा कि आप विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर लंबी-चौड़ी पोस्ट कर सीएम भगवंत मान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कई सवाल उठाए हैं। पोस्ट में कुंवर ने अपनी ही सरकार पर बेअदबी मामले के दोषियों को बचाने का भी आरोप लगाया।



### सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया



**अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी-सह-अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम, अमृतसर सुरिंदर सिंह और एसीपी दक्षिण मनिंदरपाल सिंह ने निर्वाचन क्षेत्र 019 अमृतसर दक्षिण स्ट्रांग रूम और स्थान सरूप रानी गॉरमेट कॉलेज अमृतसर का निरीक्षण किया और संतुष्ट हुए कि चुनाव आयोग और जिला चुनाव अधिकारी-सह-उपायुक्त, अमृतसर के निर्देशों के अनुसार उक्त स्थान पर की गई व्यवस्थाएं सही हैं। इस अवसर पर अपर आयुक्त ने नियुक्त कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि आगामी लोकसभा चुनाव को सही ढंग से सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए इस मौके पर एसीपी ने आश्वासन दिया कि चुनाव का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न कराया जायेगा इस अवसर पर एलेक्सन प्रभारी संजीव कालिया, एलेक्सन कानून अधिकारी राजविंदर सिंह, अधीक्षक दविंदर सिंह बब्बर, थाना प्रभारी पुलिस स्टेशन डिवीजन-सी समिंदरजीत सिंह, थाना प्रभारी सुखबीर सिंह, थाना प्रभारी पुलिस स्टेशन सुल्तानविंड जसबीर सिंह उपस्थित थे।

### मानवता के कल्याण के लिए पिंगलवाड़ा संस्था की सराहना पूरी दुनिया में हो रही: कुंवर विजय

**अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)।** अखिल भारतीय पिंगलवाड़ा चैरिटेबल सोसायटी की मानांवाला शाखा में पिंगलवाड़ा संस्था के अंतर्गत प्रकाशित तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व प्रो. अविजित पाठक ने दो पुस्तकें लिखीं, 'बियॉन्ड इंस्ट्रुमेंटल पॉलिटिक्स', 'इन सर्च ऑफ रिफ्लेक्सिव एंड इमैन्सीपेटरी एजुकेशन' और 'मंत्रा फॉर सक्सेस' सफलता के लिए मंत्र। डॉ. पिंगलवाड़ा संस्थान की मुख्य सेवादार इंद्रजीत कौर ने अतिथियों और दर्शकों का स्वागत किया । कृषि विज्ञान जैसे मुद्दों पर गहन विचार रखने वाले जाने-माने स्तंभकार देविंदर शर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर कुंवर विजय प्रताप सिंह विधायक अमृतसर ने कहा कि डॉ. इंदरजीत कौर के नेतृत्व में पिंगलवाड़ा मानवता के कल्याण के लिए रोजाना काम कर रहे हैं, उनकी सराहना पूरी दुनिया में हो रही है। सरबजीत सिंह छीना ने अपने विचार व्यक्त किए। महल सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पिंगलवाड़ा सोसायटी बधाई की पात्र है। कुंवर विजय प्रताप सिंह, राजिंदरपाल सिंह डॉ. जगदीपक सिंह, उपाध्यक्ष, मुख्तार सिंह गुराया, मानद सचिव, राजबीर सिंह, हरजीत सिंह अरोड़ा, प्रीतिंदर कौर, सदस्य, एस परमिंदरजीत सिंह भट्टी प्रशासक, डॉ. अमरजीत सिंह गिल प्रशासक मानांवाला, प्रो. एसएस छीना, डॉ. शाम सुंदर दीप्ति, सुरिंदर कौर भट्टी, गुरचरण सिंह नूरपुर, योगेश सूरी, नरेंद्रपाल सिंह सोहल, तिलक राज, प्रिं. महल सिंह, खालसा कॉलेज अमृतसर, गुरनैब सिंह, प्रिं. नरेश कालिया, प्रिं. दलजीत कौर, प्रिं. अनीता बत्रा, समन्वयक सुनीता नायर, लखविंदर कौर, अनन्या, अमरजीत सिंह, सभी स्कूलों का स्टाफ और छात्र भी उपस्थित थे।



## औजला ने दी जालियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि

साहिब दयाल



**अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला आज जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले अंग्रेजों से भारत को आजाद कराया गया था और आज बीजेपी से आजादी दिलाने का वक्त है। आज वोट के अधिकार को प्रयोग करके लोग देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं। मजीठा में की वर्कर्स के साथ बैठक लोकसभा पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह राजा वडिंग के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पंजाब में कांग्रेस पार्टी ने किसी भी पार्टी से समझौता नहीं किया है, वह 13 की 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। इस बात को गुरजीत सिंह औजला ने परमजीत सिंह पम्मा द्वारा मजीठा शहर और जेठू नंगल गांव में आयोजित बैठक के दौरान कहे। बैठक के दौरान बोलते हुए गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर गैरकानूनी पर्चे करवा रही है और पंजाब के युवाओं का खून बहा रही है। जिन पर पंजाब के लोगों ने बड़े भरोसे के साथ मतदान किया आज वही पार्टी ने अपना रंग दिखाया है। किसान, मजदूर, कर्मचारी समेत लगभग हर वर्ग सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहा है। 2 साल में ही पंजाब की जनता का मान सरकार से मोहभंग हो गया है और उन्हें समझ आ गया है कि यह पंजाब को बर्बादी की तरफ धकेल रहे हैं। उन्होंने केंद्र की बीजेपी सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार धर्म की राजनीति कर रही है। नरेंद्र मोदी भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री जुगल किशोर शर्मा, अध्यक्ष ज्ञान सिंह सागू, परमजीत सिंह पम्मा मजीठा, जतिंदरपाल सिंह बेदी, राम लाल भल्ला, करमजीत सिंह केपी, सुखविंदर सिंह, राज कुमार, अमरजीत भाटिया, सरोज नंदा, अमरजीत कौर, सुरिंदर सिंह आहूजा, सुरिंदर केवलानी, सुरिंदर कुमार, सुखराज रंधावा, हरपनदीप सिंह पार्षद, निशान सिंह सरपंच, मनबीर सिंह खासा सरपंच, पी.ए. रितेश, जसकरन सिंह काहलों, जगदीप सिंह गोगा, मिल्खा सिंह राम दिवाली, सरपंच हरपिंदर सिंह, मेंबर हरविंदर सिंह, मेंबर बलविंदर सिंह, सरपंच कुलवंत सिंह मल्लियां, करमजीत सिंह जेठू नंगल, मलूक सिंह मियां पंधेर, कुलवंत सिंह त्रिपाई आदि कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला अकाली दल प्रधान जगरूप कौर ने वर्करों के साथ बैठक की

**अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)।** आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनज़र महिला अकाली दल प्रधान बीबी जगरूप कौर संधू ने लोक सभा उम्मीदवार अनिल जोशी के ऑफिस में एक एहम बैठक की जिसमे चुनाव के महा कुम्भ में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए सभी महिला पद अधिकारिओं को घर घर जा कर अनिल जोशी के हक़ में प्रचार कर के अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन करने का आग्राह किया, इस मीटिंग के दौरान श्रीमति शुष्मा जोशी और माया बहिन जी को जिला महिला अकाली दल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती गुप्ता को महा सचिव शिवानी अरोड़ा, अनु मेहरा और राजबीर कौर को जिला सचिव को पद पर नियुक्ति की गई, इस मीटिंग में वेणु शर्मा, पल्ल्वी अग्गरवाल, शेल्ली बहिन, हरलीन, एडवोकेट मंजू, सुमन जी, जसविंदर कौर पिंकी और कवल जी मोजूद रहे।

## हिमाचल में विस के उपचुनाव में कांग्रेस ने तय किए 3 प्रत्याशी, सुजानपुर से राणा को टिकट

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** आखिरकार, कांग्रेस ने विधानसभा के उपचुनाव में 6 में से 3 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। प्रत्याशियों के चयन में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि वही हुआ है, जिसके क्यास लगाए जा रहे थे। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए कैप्टन रणजीत सिंह राणा को सुजानपुर से मैदान में उतारा गया है। वहीं, गगरेट से पार्टी ने राकेश कालिया को प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि हाल ही में कालिया ने घर वापसी की थी। 2022 में टिकट कटने के बाद नाराज राकेश कालिया भाजपा में शामिल हो गए थे। वहीं, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने विवेक शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहले ही विवेक को टिकट देने के स्पष्ट संकेत दे दिए थे। राणा व कालिया की कांग्रेस में एंट्री से ही ये स्पष्ट हो गया था कि कांग्रेस इन्हें भी मैदान में उतार सकती है। हालांकि, कांग्रेस इस बात को लेकर फूंक-फूंक कर कदम रख रही है कि भाजपा की पृष्ठभूमि वालों को टिकट देने से परहेज किया जाए, लेकिन सुजानपुर में कांग्रेस को समझौता करना पड़ा है। 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के खास सिपहसलार कैप्टन रणजीत सिंह राणा को भाजपा ने टिकट दिया था। भाजपा के टिकट पर रणजीत सिंह राणा महज 399 वोटों से हारे थे। दिलचस्प ये है कि यहां उप चुनाव में जो कांग्रेसी था, वो भगवा पहन चुका है और दूसरे ने भगवा त्याग दिया है। प्रत्याशी पुराने है, बस चुनाव चिन्ह बदले हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणु गोपाल ने प्रत्याशियों के ऐलान को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। गगरेट से चुनाव मैदान में उतारे गए राकेश कालिया तीन बार कांग्रेस के विधायक रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। राकेश कालिया भी कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कुटलैहड़ से कांग्रेस ने विवेक शर्मा पर दांव खेला है। विवेक शर्मा पूर्व में भी कांग्रेस की टिकट पर एक बार चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस अभी तीन अन्य विधानसभा सीटों लाहौल स्पीति धर्मशाला और बड़सर में अपने प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाई है। जबकि भाजपा कई दिन पहले सभी अच्छे विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। प्रदेश में पहली जून को 6 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं। सबकी नज़रें इन उपचुनावों के नतीजों पर टिकी हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित किए जाने की वजह से इन विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव हो रहे हैं।

## वीआईपी कल्चर खत्म करने की बात कहकर सरकार बनाने वाली आप के नेता बने वीआईपी: परमपाल कौर

जगमार्ग न्यूज



**बठिंडा।** आम आदमी पार्टी के नेता आम आदमी बनकर लोगों के बीच गए थे। उनका वायदा था कि वीआईपी कल्चर खत्म करेंगे, नशामुक्त प्रदेश बनाएंगे लेकिन सभी वादे झूठे साबित हुए। कांग्रेस से लेकर अकाली दल तक सभी पार्टियों ने लोगों से सैकड़ों झूठे वादे किए लेकिन विकास के नाम पर लोग खुद को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे हैं। इन शब्दों का इस्तेमाल करते बठिंडा लोकसभा हलके की भाजपा उम्मीदवार परमपाल कौर ने चक रुल्दु गांव में चुनाव प्रचार दौरान आरोप लगाए। चक रूल्दू गाँव में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और भाजपा का साथ देने का वायदा किया। आप की सरकार नशा और वीआईपी कल्चर खत्म करने की बात कहकर आई थी लेकिन आज उनके विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी वीआईपी हो गए हैं। परमपाल ने चक रुल्दु सिंह वाला, संगत मंडी, शक्ति नगर, आदर्श नगर, आर्य नगर, पंचवटी, मॉडल टाउन और मानसा, तलवंडी साबो, बठिंडा शहरी, बठिंडा देहाती समेत सभी विधानसभा हलकों में प्रचार किया। चक रुल्दु सिंह वाला गांव में बड़ी संख्या में परिवार भाजपा में शामिल हुए। परमपाल ने उनका स्वागत किया। इससे पहले परमपाल ने दिन की शुरुआत अजीत रोड स्थित श्री बीबी जी वाला गुरुद्वारा में माथा टेककर की। इस मौके पर गुरप्रीत मलूका, दयाल सोढ़ी, दर्शन सराह, नवदीप सराह, कृष्ण गंगा, विक्की सिद्धू, हरविंदर सिंह, बलविंदर सहित अन्य बीजेपी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**दौरा** कहा, पंजाब में अब तक 66.8 लाख मीट्रिक टन मंडियों में पहुंची, 4 लाख से अधिक किसानों को 9170 करोड़ का किया भुगतान

## सरकार किसानों की फसल की तुरंत खरीद और 48 घंटों के अंदर भुगतान के लिए प्रतिबद्ध: वर्मा

शाम सुन्दर सरपाल

➪ मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने खन्ना अनाज मंडी का दौरा किया, गेहूं के खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

**लुधियाना/खन्ना (जगमार्ग न्यूज)।** पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने खन्ना अनाज मंडी का दौरा करके गेहूं की चल रही खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने समूह खरीद एजेंसियों को हिदायत की कि मंडियों में किसानों को किसी भी मुश्किल का सामना न करना पड़े।

वर्मा ने बताया कि मौजूदा सीजन के दौरान राज्य की मंडियों में 132 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आमद होने की संभावना है। इसमें से कल शाम तक मंडियों में 66.8 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आमद हो चुकी है, भाव मंडियों में संभावित आमद की अपेक्षा आधी फ़सल की आमद हो चुकी है। इसमें से 91 फीसद भाव 60.9 लाख मीट्रिक टन पहले ही खरीदी जा चुकी है। वर्मा ने कहा कि मंडी में गेहूं की आमद के 24 घंटों के अंदर-अंदर फसल की साफ-सफाई, खरीद और तौल किया जा रहा है। इसके उपरांत किसान मंडी से जा सकते हैं। खरीद के 48 घंटों के अंदर किसानों के खातों में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत भुगतान किया जा रहा है।

वर्मा ने बताया कि खरीद के 48 घंटों के अंदर-अंदर भुगतान करने के नियमों के अनुसार किसानों को 7950 करोड़ रुपए की अदायगी की जानी बाकी है। इसके उलट किसानों को 9170 करोड़ रुपए की अदायगी पहले ही की जा चुकी है। इसका भाव कई



मामलों में किसानों को 48 घंटे से पहले ही अदायगी की गई है। अब तक 4 लाख से अधिक किसानों को अदायगी की जा चुकी है। मुख्य सचिव ने किसानों के साथ बातचीत भी की। गांव भमद्दी के किसान सुखदीप सिंह पुत्र हरपाल सिंह ने बताया कि वह सुबह 7 बजे अपनी फसल मंडी में लेकर आया था। आज उसकी फसल दोपहर 12:30 बजे खरीदी जा चुकी है। इसी तरह गांव हुसैनपुर के किसान नरिन्दर सिंह पुत्र गुरनाम सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह 7:30 बजे अपनी फसल मंडी में लेकर आया था। उसकी फसल दोपहर 12:40 बजे खरीदी गई थी। मंडी में मौजूद ज्यादातर किसान शुक्रवार ही अपनी फसल मंडी में लेकर आए थे।

वर्मा ने बताया कि कटाई में देरी होने के कारण मंडियों में गेहूं की आमद शुरू में धीमी थी और अचानक आमद तेज हो गई, परन्तु राज्य सरकार इस संबंधी दिन-रात काम कर रही है, जिससे किसानों को मंडियों में किसी किस्म की कोई दिक्कत पेश न आए। पिछले साल एक दिन में फसल की सबसे अधिक लिफ्टिंग 4.8 लाख मीट्रिक टन थी। इसके मुकाबले कल फसल की लिफ्टिंग इस हद को पार कर 5.5 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। वर्मा ने आगे कहा कि वह डिप्टी कमिश्नरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा प्रगति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने समूह डिप्टी कमिश्नरों को रोजाना मंडियों का दौरा करने और फसल की लिफ्टिंग को 6.5 लाख मीट्रिक टन प्रतिदिन तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। खन्ना मंडी में कल शाम तक 54 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आमद हुई और इसमें से 100 प्रतिशत फसल की खरीद हो चुकी है। 48 घंटों के अंदर किसानों को 52 करोड़ रुपए दिए जाने थे। इसके उलट किसानों को 72 करोड़ रुपए पहले ही अदायगी की जा चुकी है।

वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मंडियों में किसानों की फसल की तुरंत खरीद और उनको 48 घंटों के अंदर-अंदर अदायगी सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी भी किसान को खरीद प्रक्रिया या अदायगी संबंधी कोई समस्या आती है तो वह सरकार के टोल फ्री नंबर 1100 पर सूचना दे सकता है। किसान द्वारा दी गई सूचना पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर अन्यों के अलावा डायरैक्टर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति पुनीत गोयल, डिप्टी कमिश्नर लुधियाना साक्षी साहनी एस.एस.पी. खन्ना अमनीत कोंडल भी उपस्थित थे।